# वृद्धा की हत्या का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, तीन बाल अपचारी डिटेन

## 10 माह पहले चार आरोपियों ने चारागाह में लूट के बाद महिला की हत्या की थी

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के मुकुंदपुरिया गांव में एक पेड्रोक्स में 10 माह पूर्व एक बुजुर्ग महिला छोटी देवी बैरवा की हत्या की वारदात में शामिल मुख्य आरोपी स्पा सेंटर संचालक कालू लाल वैष्णव को गिरफ्तार किया है, इस वारदात में शामिल अन्य तीन बाल अपचारियों को भी पुलिस ने मंगलवार को डिटेन किया।

पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि मुकुंदपुरिया गांव की बुजुर्ग महिला छोटी देवी पेड्रोक्स में बकरियां चराने गई थी, जहां आरोपियों ने महिला के सोने के करीब एक लाख के जेवर लूट कर हत्या कर दी थी और महिला के शव को झाड़ियों में छुपाकर आरोपी फरार हो गए थे। मांडलगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये खुलासा किया। वारदात के 10 माह बाद आरोपियों को पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी में में मांडलगढ़ थाने के कांस्टेबल मोहन लाल और अनिल कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस आरोपी से मृतक महिला से लुटे गये सोने के जेवर बरामद करने में जुटी हैं।



मांडलगढ़ पुलिस के छोटी देवी हत्याकांड के मुख्य आरोपी कालू वैष्णव को गिरफ़्तार के 3 अन्य बाल अपचारी को डिटेन किया हैं।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत द्वारा ब्लाईण्ड मर्डर के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले के खुलासे हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भीलवाडा विमल सिंह एवं वृत्ताधिकारी वृत माण्डलगढ़ भीलवाड़ा बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी माण्डलगढ़ चन्द्र प्रभात, उ.नि. द्वारा पुलिस थाना माण्डलगढ़ एवं साईबर सैल की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

मामले के अनुसार नौ नवम्बर 2023 को प्रार्थी के पुत्र ने रिपोर्ट दी कि मेरी माता छोटी देवी आज सुबह साढे दस बजे बकरीयां चराने हेतु ग्राम मुकनपुरिया की चारागाह(पेडोक्स) में गयी थी। शाम को साढे पांच बजे तक मेरी माता घर वापस नहीं आयी और बकरियां घर पर आ गयी, प्रार्थी के पिता नंदा तथा श्रवण बैरवा तीनों ने महिला को ढूंढने चारागाह में गये। चारागाह में कंजर समाज के श्मसान घाट के पास छोटी देवी बैरवा की खून में सनी हुयी लूगड़ी (ओढनी) मिली। सूचना पर ग्रामीण छोटी देवी को ढूंढने लगे तो निकट ही नदी के पास झाड़ियों में छोटी देवी का अर्धनग्न शव पड़ा मिला। मृतका छोटी देवी के सिर में चोट के निशान मिले और गले में पहने डेढ़ तोला सोने के मांदलिये गायब मिले। वहीं गले में ब्लाउज से फांसी लगा रखी थी।

प्राप्त सूचना को तकनीकी रूप से वैरीफाई करने के बाद बीट कानि. मोहन लाल व अनिल द्वारा दबिश दी जाकर आरोपी कालूलाल वैष्णव निवासी मुकुंदपुरिया एवं घटना में शामिल विधि से संघर्षरत तीन किशोर से पूछताछ व अनुसंधान किया। कालूलाल वैष्णव के साथ षडयंत्र में शामिल होकर वृद्ध महिला की हत्या करना स्वीकार किया।

## युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**भीलवाड़ा,** (निसं.)। युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव तेज करण चौधरी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर राजस्थान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा।

युवा कांग्रेस भीलवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष अशफाक कुरैशी ने बताया कि जिला कांग्रेस कार्यालय में आज युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी का साफा माला पहनना का स्वागत किया। प्रभारी ने जिले में युवा कांग्रेस को मजबूत करने का सभी विधानसभा अध्यक्ष को ज्यादा से ज्यादा युवाओं को यूथ कांग्रेस में जोड़ने का आहान किया। मीटिंग के बाद जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में राजस्थान भाजपा सरकार द्वारा पूरे राजस्थान में बिजली कटौती वे बढ़ती महंगाई एवं युवाओं को रोजगार नहीं देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम भीलवाड़ा एसडीएम ज्ञापन सौंपा एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्री पर राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस शहर महासचिव निसार सिलावट, युवा कांग्रेस मांडल विधानसभा अध्यक्ष रामकुमार पांडे, आसींद विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, सहाड़ा विधानसभा अध्यक्ष जफर मीर आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 8 को

**नागौर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जिले में उपखंड स्तर पर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई माह के दूसरे गुरुवार को आयोजित की जाती है। अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर ने बताया कि उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के साथ ही उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी जाएगी। जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने इस संबंध में उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का प्रभावी ढंग से आयोजन कराएं। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रकरणों को आवश्यक रुप से राजस्थान संपर्क पोर्टल पर निर्धारित इवेंट में दर्ज करवाया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जनसुनवाई का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं ताकि अधिक से अधिक लोग उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रख सकें।

### मीरा महोत्सव को लेकर पत्र सौंपा

**मेडता सिटी,** (निसं)। मीरा जयंती महोत्सव पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार शाम को मेड़ता नगरपालिका अध्यक्ष गोतम टाक से मुलाकात कर मीरा जयंती महोत्सव में नगरपालिका द्वारा उचित साफ सफाई और अन्य वव्यस्थाओ को लेकर पत्र सोपा । जयंती सचिव नरेंद्र लाहोटी ने बताया कि मीरा जयंती महोत्सव विश्व ऐतिहासिक मेला हे जिसको लेकर देश विदेश से भक्तगण इस महोत्सव का आनंद लेने आते हे । जिसको लेकर मेड़ता नगरपालिका द्वारा जो व्यवस्था हे उसका सुचारू रूप से काम हो इसको लेकर पालिका अध्यक्ष को पत्र सोपा गया । जिसको लेकर नगरपालिका अध्यक्ष गोतम टाक ने महोत्सव समिति को पूर्ण रूप से आश्वाशन देते हुवे कहा की इस महोत्सव में नगर पालिका द्वारा किसी भी काम में कोई कमी पेशी नहीं रहेगी । इस मौके पर नारायण पारिक, पुखराज कमेडिया, महेंद्र शर्मा, ललित लहरिया , मनोज सोनी आदि मौजूद थे ।

### एक शाम किशोर कुमार के नाम

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। आदि गौड़ भवन अग्रसेन नगर में एक शाम किशोर दा के नाम संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्वरांजलि संयोजक दिवाकर गौड़, शिव जांगिड़, विजेंद्र मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय संगीतकारों के साथ मंच सांझा कर किशनगढ़ का नाम रोशन कर रही सुनीता कुमावत व जयेश ताराचंदानी ने बेहतरीन नग्मे प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। भाजपा युवा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा, जयकिशन खटोड़, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष कौशिक, महामंत्री बालमुकुंद शर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन सुरेश ताराचंदानी ने किया। इस अवसर पर ऋषि गौड़, राम हरितवाल, मुन्ना शर्मा, मधु शर्मा, दिनेश कुमावत, गोपाल शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, श्रवण प्रजापत, सत्येंद्र कुमार, प्रदीप वधवा सहित गीतकार व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### महादेव मंदिर में किया अभिषेक

**मेडता सिटी,** (निसं)। मेडता बालाजी मंदिर के पास स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में बेस्ट ग्रुप के द्वारा शिव अभिषेक किया गया। ग्रुप के एडमिन भरत भोजक ने बताया कि इस मंदिर में ग्रुप के साथियों द्वारा हर साल श्रावण के महीने में पूजा अर्चना की जाती है और अभिषेक किया जाता है वही इस महा में मंदिर रुद्र जला अभिषेक भी किया जाएगा। भोजक ने बताया की मंदिर में ग्रुप के साथियों के द्वारा ही इस मंदिर पूजा। अर्चना, शृंगार आदि किया जाता है। वही सोमवार रात को शक्कर के साथ अभिषेक किया गया। इस मौके पर अभिमन्यु शर्मा, शिव प्रकाश डिडवानिया, मनोज सोनी, विक्की, उमेश वैष्णव, पंकज, विपुल, पियूष आदि ने पंडित रामकृपाल शात्री के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया।

### दाधीच बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**पुष्कर,** (निसं)। देश और दुनिया मे अपनी ज्योतिषी विद्वान का डंका बजाकर पुष्कर का नाम उच्चा करने वाले पंडित कैलाशनाथ दाधीच को 3 अगस्त शनिवार को दाधीच सेवा ट्रस्ट पुष्कर में आयोजित महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन के मंच पर सम्मान किया गया। अखिल भारतवर्षीय दाधीच ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा, महामंत्री मनमोहन बिसवा, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु दाधीच चकवाडा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया शर्मा, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ महामंत्री मंजू लता शर्मा ने पंडित कैलाश नाथ गोपीनाथ दाधीच को राजस्थान प्रदेश दाधीच ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा करते हुए समाज का गौरव बताया।

### खाटू श्याम पदयात्रा 11 को

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। श्याम मित्र मंडल टिकावड़ा द्वारा खाटू श्याम तक 11 अगस्त को पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। संरक्षक अशोक मालू, अध्यक्ष हरीश मालू ने बताया की रींगस स्थित पुलिया से प्रातः सात बजे पदयात्रा शुरू होगी। रात्रि 9 बजे कोटपूतली वालों की धर्मशाला में श्याम भजन संध्या व संगीतमयी नानी बाई का मायरा का आयोजन होगा। मंडल संरक्षक राधामोहन सारड़ा, चंद्रनारायण मालू, अशोक लखोटिया, कैलाश मालू, सुभाषचंद मालू, दिनेश लखोटिया, अजय काबरा, सरपंच सुभाषचंद्र लक्षकार, बबलू शर्मा, सुरेश शारदा, पवन शर्मा, आदि ने व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

### एग्जीबिशन पोस्टर का विमोचन

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। जीतो लेडीज विंग की और से 10 अगस्त से लखोटिया फार्म हाउस में दो दिवसीय एग्जिबीशन लगाई जायेगी। चैयरपर्सन शम्मी कोठारी ने बताया की एग्जिबीशन में एक ही छत के नीचे राखी ज्वेलरी, डिज़ाइनर कपड़े, बैंग, बेड कवर, रियल डायमंड ज्वेलरी, सिल्वर ज्वेलरी सहित अन्य आइटम उपलब्ध रहेंगे। संरक्षक डॉ किरण माला जैन, अध्यक्ष शम्मी कोठारी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान चीफ सेक्रेटरी नीतिका महनोत, रिशिका गंगवाल, रीना गंगवाल, रश्मि जैन, नीता जैन, रेखा वेद मौजूद रही।

# बुनियादी साक्षरता ज्ञान आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदडा में 3दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवम संख्या ज्ञान आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम के उद्घाटन में पार्षद रणजीत सिंह नरूका, एसडीएमसी अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद बलराज कच्छावा, प्रधानाचार्य शंभू सिंह लाम्बा, समसा एडीपीसी नवीन सागर सोनी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शाहबुद्दीन चीता, सत्यनारायण शर्मा भंवर सिंह राठौड, महेन्द्र कुमार सहित के आर पी नीलेश जैन, पवन भारद्वाज, पवन छिपा, विष्णु कुमार छीपा सहित 90 संभागियों ने भाग ले रहे है। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलन कर किया गया।

- **प्रशिक्षण के प्रथम दिन में केआरपी नीलेश जैन द्वारा संभागियों का सामान्य परिचय लेते हुए पूर्व परख का आयोजन किया**

रणजीत सिंह नरूका ने सभी संभागियों को ट्रेनिंग से सीखकर बच्चों को नवाचार से पढ़ाने के लिए कहा। बलराज कच्छावा ने भी शिक्षकों को सबसे ज्यादा सम्मान और गुरु की महिमा के बारे में बताया। एडीपीसी नवीन सागर सोनी ने प्रशिक्षण के समय पर सभी कार्यों को करने के निर्देश प्रदान किए। एडीईओ शहाबुदीन ने अजमेर शहर के सभी प्रतिभागियों को एफएलन के प्रशिक्षण की आवश्यकता ओर नवाचार के बारे में बताया।

प्रधानाचार्य शंभू सिंह लाम्बा ने 53-34के सिद्धांत को समझाया ओर सभी संभागियों को पूर्ण निष्ठा से प्रशिक्षण लेने के लिए कहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिन में केआरपी नीलेश जैन द्वारा संभागियों का सामान्य परिचय लेते हुए पूर्व परख का आयोजन किया गया।पवन भारद्वाज द्वारा एफएलन का पुनरावलोकन एवं प्रयास विषय पर विचार प्रकट किए गए। द्वितीय सत्र में केआरपी पवन छीपा ने बहुभाषी शिक्षा एवं स्थानीय भाषा आधारित शिक्षण की अवधारणा व प्रमुख रणनीति विषय पर विचार प्रकट किए गए। स्कूल रेडिनेस पर चर्चा करी। विष्णु छीपा ने एससीएफ का परिचय देते हुए सीखने सिखाने में समुदाय की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह राठौड़ ने किया।

## युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र की दादाबाड़ी क्षेत्र में जमीन विवाद और पारिवारिक कलेश के चलते एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार दादाबाड़ी क्षेत्र निवासी लोकेश (32) पिता गोविंद खटीक ने जमीन विवाद और पारिवारिक कलेश से परेशान होकर घर पर ही चूंहे मारने की दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उसका उपचार किया। पुलिस बयान में लोकेश ने बताया कि पुस्तैनी जमीन को लेकर बहिनों और परिवार के अन्य लोगों से विवाद चल रहा है। आए दिन होने वाले झगड़े और पारिवारिक कलेश से परेशान होकर उसके आत्महत्या की कोशिश की। समय रहते परिजनों को जानकारी मिलने के बाद तत्काल लोकेश को एमजी हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर लिया।

# 25 लाख रूपये लौटाकर मिसाल कायम की

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। प्रमुख युवा समाजसेवी व्यवसायी हेमंत सिंह हरनावा ने गलती से बैंक खाते में आये 25 लाख रूपये पुनः ट्रांसफर कर ईमानदारी की ऐतिहासिक मिशाल कायम की है। गांव हरनावा (परबतसर) एवं हाल किशनगढ़ निवासी हेमंत सिंह राठौड़ के मोबाइल पर 5-5-5 लाख रूपये के तीन और दस लाख रूपये जमा होने का एक मैसेज आया। इन्होने बैंक एकाउंट में 25 लाख रूपये जमा होने पर तत्काल अपनी व्यापारिक पार्टियों से जानकारी ली की बैंक खाते में उपरोक्त राशि जमा कराई क्या, किंतु सभी ने राशि जमा कराने से साफ इंकार कर दिया। बैंक के शाखा प्रबंधक से सम्पर्क करने पर जानकारी मिली की यह राशि मुंबई के बैंक से 15 लाख रूपये नीरू रानी के खाते से और 10 लाख रूपये कन्हैया एग्रो फूड्स नामक फर्म के खाते से गलती से जमा हो गये। सच्चाई सामने आने के बाद व्यवसायी हेमंत सिंह हरनावा ने जांच पड़ताल करने के पश्चात 25 लाख रूपये पुनः बैंक खातों में ट्रांसफर कर ईमानदारी का परिचय दिया। बैंक कर्मचारियों सहित खातेदारो ने हेमंत सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



हेमंत सिंह हरनावा।

# कलेक्टर ने बारिश के पानी की निकासी का लिया जायजा

**ब्यावर,** (निसं)। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार सम्पूर्ण जिले में सोमवार अलसुबह से लगातार बारिश का दौर जारी है । जिला प्रशासन संपूर्ण स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं एवं अलर्ट मोड़ पर है।बारिश की वर्तमान स्थिति व पानी की निकासी का सोमवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने नगर परिषद के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा कर जायजा लिया।

जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने चांग गेट, कॉलेज रोड, कृषि मंडी, बिचडली तालाब की रपट सहित अजमेर रोड स्थित कृषि व पीएचईडी विभाग के कार्यालय सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बारिश एवं वर्तमान स्थिति का जायजा लिया ।जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ज्यादा जल भराव वाले जगह पर पंप चलकर पानी की निकासी करावे एवं किन्ही नालों में कचरे की वजह से जाम होने की स्थिति पर मशीन द्वारा तुरंत सफाई कराये जिससे की पानी की निकासी सुचारू हो सके ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी बारिश से संबंधित जल भराव या अन्य शिकायत मिलने पर त्वरित समाधान करें एवं किसी भी विकट परिस्थिति के लिए अधिकारी अलर्ट रहे । प्रत्येक स्थिति पर बारीकी से निगरानी रखें ।उन्होंने आपदा प्रबंधन दल को सजग व सक्रिय रहने के दिशा निर्देश दिए । उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बारिश के इस दौर में अतिआवश्यक या इमरजेंसी कार्य से ही घर से बाहर निकले।

- **नगर परिषद के अधिकारियों व आपदा प्रबंधन दल को शिकायत मिलने पर त्वरित समाधान के दिए निर्देश**

## नशा मुक्त भारत अभियान पर सेमिनार आयोजित

**शाहपुरा,** (निसं)। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ.पुष्करराज मीणा की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. मीणा ने नशा मुक्ति हेतु जागरूकता, बचाव पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सेमिनार में नशा मुक्ति पर डॉ. हंसराज मीणा ने नशे के दुष्प्रभाव, बचाव और उपचार पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो. तोरन सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि जन-जन का हो यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर लाल चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. धर्मनारायण वैष्णव ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रो. मूलचन्द खटीक, डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय, डॉ. रंजीत जगरिया आदि उपस्थित रहें।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तेज़ बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**ब्यावर,** (निसं)। पिछले लम्बे समय से ही बगैर बारिश और भयंकर उमस से हर आम और हर ख़ास बुरी तरह से त्रस्त हो चूका था। लेकिन पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से ही सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आम लोगो का मानना है की लगभग चार पांच सालो पहले ऐसी बारिश हुई थी। वर्तमान में हो रही ताबड़तोड़ बरसात से कई बस्तीया जलमग्न हो गई है। मसूदा रोड की कई कॉलोनियों में घरों में पानी घुस गया, बिचडली और मकरेडा तालाब की चादर चल गई।



बरसात से कई बस्तीया जलमग्न हुई।

शहर के अधिकतर रिहायशी भागो में जल भराव की स्थिति बनी हुई है, अमृतकौर अस्पताल के रोगी वार्डों में भी पानी घुस गया।शिव बाड़ी क्षेत्र, महावीर कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, सिटी थाना परिसर, डिग्गी चौक, आदि स्थानों पर दो दो तीन फिट तक पानी का भराव है। छावनी रोड स्थित अंडरपास और नगर परिषद परिसर में लगातार तीन दिनों से पम्प से पानी की निकासी कर आवागमन को सुचारु करने के प्रयास किये जा रहे है।

समीपवर्ती जालियाँ ग्राम में भी एक युवक के नदी में डूबने के समाचार प्राप्त हुए जहाँ एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेवस्क्यू किया जा रहा है।शहर के मुख्य बाज़ारो में भी सड़क पर भी नालो से बाहर निकलकर कीचड़ फेल गया है,कई स्थानों पर सीवरेज के लिए की गई खुदाई धंस गई और पानी भर गया है। गौरतलब है की समय समय पर शहर में नाली और नालो की सफाई होती रहती तो ऐसी भयंकर समस्या का सामना करना पड़ता।

# 'स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव की तरह मनाया जायेगा'

## भाजपा के देहात जिला अध्यक्ष भूतड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई

**पुष्कर,** (निसं)। अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस को भाजपा संपूर्ण सप्ताह उत्सव के रूप में मनायेंगी। जिसकी शुरुआत 9 अगस्त से होगी। इसकी ज़ोरदार तैयारियों को लेकर भाजपा अजमेर देहात ज़िले की बैठक ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा की अध्यक्षता में ज़िला कार्यालय अजमेर में संपन्न हुई। देहात जिला मीडिया सयोजक नेहरू पंडित ने बताया की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अव्हान पर 9 से 15 अगस्त तक देशभर में पुनः हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक रूप से चलायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' त्याग, बलिदान, शांति और एकता का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान देशवासियों के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करने के साथ ही 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के हमारे संकल्प को भी सिद्ध करता है। अतः हम सब भारतवासी आजादी के अमृत महोत्सव के इस गौरवपूर्ण कालखंड में भारत माता के सभी वीर सपूतों और राष्ट्रभक्तों को नमन करते हुए 'हर घर तिरंगा' फहराएं।




बैठक ज़िलाध्यक्ष भूतड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष भूतड़ा ने कहा इस हेतु में आज से ही जनजागरण अभियान चलाकर प्रत्येक घर-घर तक पहुँच कर तिरंगा फहराने का आग्रह करना है। इसके साथ ही हमें तिरंगा यात्रा, स्वच्छता अभियान, बाइक रैली के साथ ही महापुरुषों को नमन जैसे कार्यक्रम की रचना मण्डल व बूथ तक करनी है ताकि जन जन का कार्यक्रम बन सके।

कार्यक्रम के ज़िला संयोजक शक्तिसिंह रावत ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा जिसमें 11, 12 व 13 अगस्त को जिले में सभी विधानसभावार में हर घर तिरंगा वाहन रैली, यात्रा और तिरंगा अभियान के तहत 9 व 10 अगस्त को सभी मंडलों में बैठक होनी है। दिनांक 12, 13 व 14 अगस्त को अजमेर देहात जिले के सभी बूथों पर स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं सर्किलों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर पुष्पांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम भी निश्चित किया गया है। साथ ही 14 अगस्त विभाजन विभीषीका दिवस पर प्रत्येक मंडल व शक्ति केंद्र पर मौन जुलूस निकाला जाएगा। दिनाँक 13 व 14 अगस्त को प्रत्येक घरों में बूथ टोली व सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर छतों पर तिरंगा फ़हराना का आग्रह किया जाएगा।

ज़िला महामंत्री पवन जैन ने बताया कि इन कार्यक्रमों की रचना करने के लिए 8 अगस्त तक सभी मंडलों पर बैठके आयोजित कर बूथ तक की रचना बनेगी। जिला महामंत्री जीतमल प्रजापत ने जिला बैठक में शोक सभा का प्रस्ताव रखते हुए 2 मिनट बाद बैठक में मोहन रखा गया किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने तिरंगा अभियान को पूरे अजमेर देहात में सभी घरों में देश का राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा झंडा फहराने का आग्रह करते हुए बैठक में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला बैठक में एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, विधानसभा संयोजक शिवप्रकाश सामरिया, जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, भेरुलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिवांश का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के आरसी व्यास निवासी सुनीता भैरूलाल काबरा के पौत्र साढ़े चार वर्षीय शिवांश काबरा ने भगवान शिव पर रचित शिव तांडव स्त्रोत पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाया है। शिवांश की इस उपलब्धि पर उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। सुनीता-भैरूलाल काबरा ने पौत्र शिवांश के शिव तांडव स्त्रोत गायन पर इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड में दर्ज नाम दर्ज होने पर समारोह आयोजित किया, जिसमें शिवांश काबरा द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही शिवांश के वीडियो की झलक दिखाई गई।

समारोह को राधेश्याम चेचाणी, महेश प्रगति सेवा संस्थान अजमेर के चेयरमैन श्रीगोपाल राठी, पूर्व सभापति ओम नराणीवाल, कैलाश कोठारी, श्याम सुंदर सोमाणी सहित कई समाजजनों ने संबोधित किया। इस अवसर पर अरबन बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद राय लढा, समाजसेवी रतन संचेती, माहेश्वरी समाज जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर युवा संगठन अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा भी उपस्थित थे। स्वाति-अभिषेक काबरा के सुपुत्र शिवांश काबरा का पूर्व भी में भी राम स्तुति का वीडियो जारी हुआ था।

# हरियालो राजस्थान के तहत एक ही दिन में लगाएंगे 2.30 लाख पौधे

## लहरिया परिधानों में मनाएंगे हरियालो राजस्थान उत्सव

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर भीलवाड़ा जिले में हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक ही दिन में 2 लाख 30 हजार पौधे लगाएं जाएंगे।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पूरे प्रदेश में हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को लगभग 2 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

सीईओ जिला परिषद शिवपाल जाट ने बताया कि अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर वन, पटेल नगर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मियावाकी पद्धित के तहत 2 हजार से अधिक पौधें लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में जिलें के प्रभारी मंत्री सहित प्रभारी सचिव, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिला स्तर के साथ सभी ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर भी अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा। भीलवाड़ा जिले में एक ही दिन में 2 लाख 30 हजार पौधे लगाएं जाएंगे। अभियान के तहत ज़िले की पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्त्रोतों के किनारे पौधारोपण कर भीलवाड़ा को हरा-भरा बनाया जाएगा।

**सभी पौधों की जानकारी हरियालो राजस्थान ऐप पर होगी अपलोड :-** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि जो पौधे लगाए जाएं, उन्हें बचाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान के तहत लगाए जा रहे सभी पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कि सभी पौधों की जानकारी हरियालो राजस्थान ऐप और भारत सरकार के मेरी लाइफ ऐप पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने इस अभियान में जन सहभागिता की आमजन से अपील की हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व ग्रामों में पौधों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए ताकि अभियान को अधिकतम सफल बनाया जा सके और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। हरियाली तीज का त्योहार राजस्थानी महिलाओं में विशेष महत्व रखता है। जिला कलक्टर ने कहा कि इस अवसर पर महिलाओं को लहरिया परिधान पहनकर पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही आमजन को भी निःशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा।

**हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से पौधा लगाने वाले वृक्ष प्रेमियों को मिलेंगे प्रशस्ति पत्र :-** उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए 7 करोड़ पौधे लगाने व पालन का लक्ष्य रखा गया है। इस क्रम को सतत रखने के लिए मल्टी सेक्टोरल प्रोग्राम के रूप में मिशन "हरियालो-राजस्थान" की घोषणा की गयी है। मिशन हरियालो-राजस्थान को साकार करने के लिए राज्यभर में हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर दो करोड़ से अधिक पौधे लगाये जायेगें। हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से पौधा लगाने वाले वृक्ष प्रेमियों को 51 लाख प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।